अखिल बिस्व यह मोर उपाया । सब पर मोहि बराबरि दाया ।।
सब मम प्रिय सब मम उपजाए । सब ते अधिक मनुज मोहि भाए ।।

सांध्य दैनिक

| Ram Katha 940 – मानस वसुधैवकुटुम्बकम || New Yark(UNO) अमेरिका || ❁मोरारी बापू

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 19 इंदौर, मंगलवार 30 जुलाई, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Jharkhand Train Mishap: ट्रेन हादसे को लेकर केंद्र पर बरसे ममता-अखिलेश, JMM बोली- रील बनाना छोड़ें रेल मंत्री
2. ट्रेन में बम है: पंजाब में फिरोजपुर-जम्मू तवी ट्रेन के पहिए थमे, कासूबेगू स्टेशन पर दो घंटे रुकी
3. Himachal Weather: कुल्लू में बादल फटने से तबाही... बह गया पुल, घरों में भरा बाढ़ का पानी; भारी बारिश का अलर्ट




# नकली माल का जाल

## खाद्य वस्तुओं से लेकर इलेक्ट्रानिक आयटम भी डुप्लीकेट और नकली

@ DGR विशेष

इंदौर। तेजी से महानगर का रूप लेते इंदौर में नकली माल के जाल में आम इंसान फंसकर ठगी का शिकार हो रहा है। हालात यह है कि न केवल खाने पीने की खाद्य सामग्री-वस्तुएं, बल्कि इलेक्ट्रानिक आयटम, कपड़े, मोबाइल एसेसरीज और गाडियों का आइल सहित अन्य सामान भी नकली, मिलावटी और डुप्लीकेट मिल रहा है। खाद्य वस्तुओं में मिलावट और इनके हानिकारक होने की पहचान तो तब होती है, जब जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जाता है। वहीं ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर कपड़े, आइल, इलेक्ट्रानिक सामान का पता तब चलता है, जब संबंधित कंपनी द्वारा खुद बाजार में निगाह रखकर इसकी जानकारी जुटाई जाती है और मामला पुलिस के पास पहुंचता है। दरअसल शहर में दिनों दिन डुप्लीकेट माल के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। त्योहारों के दिनों में तो इस तरह के मामले काफी बढ़ जाते हैं। हाल ही में इलेक्ट्रिक सामान और आईफोन के डुप्लीकेट एसेसरीज का मामला सामने आया है। शहर में कई स्थान तो नकली माल के ठिए बनते जा रहे हैं। कई लोग अपनी मेहनत के पैसे से हाथ धो लेते हैं तो कई नकली खाने-पीने की चीज का इस्तेमाल करने से बीमार हो जाते हैं।

### आईफोन की नकली एसेसरीज

हाल ही में विजय नगर इलाके में एप्पल कंपनी के नकली एसेसरीज के मामले का पदार्फाश हुआ है। जहां चार-पांच व्यापारियों द्वारा यह माल बेचा जा रहा था। वहीं कुछ माह पूर्व तुकोगंज इलाके में पुलिस ने करीब एक लाख रुपए की डुप्लीकेट एसेसरीज जब्त की थी। एप्पल कंपनी दिल्ली के अधिकारियों की शिकायत बाद यह आईफोन की 1292 नकली एसेसरीज बनाकर बेचने वाले चार आरोपियों पर कार्रवाई की गई।

### नकली इलेक्टिक सामान

हाल ही में क्राइम ब्रांच और लसूडिया पुलिस ने हरे कृष्ण विहार निपनिया रोड पर छापा मारा और नरेंद्र बिरडा एवं बबलू भाटी को पकड़ा। ये नामी कंपनियों के नाम से नकली माल बेच रहे थे। आरोपी दिल्ली से ट्रांसपोर्ट के जरिए ब्रांडेड कंपनी के नाम एवं हुबहू दिखने वाले नकली इलेक्ट्रिक सामान मंगवाकर सियागंज क्षेत्र की दुकानों के माध्यम से सस्ते में बेच रहे थे।

### मिलते-जुलते नाम से बिकते हैं प्रोडक्ट

शहर में नकली सौंदर्य प्रसाधन का बाजार भी जमकर फल-फूल रहा है। ब्रांडेड कंपनी के नाम से मिलते जुलते नाम के सौंदर्य प्रसाधन जमकर बिक रहे हैं। कई प्रसिद्ध कंपनियों के ब्यूटी प्रोडक्टस कुछ खास बाजारों में आसानी से मिल जाते हैं। गली मोहल्ले में चलने वाली ब्यूटी पार्लर पर इस तरह के नकली ब्यूटी प्रोडक्टस की जमकर खपत होती है। कई नामी कंपनियों की क्रीम और दूसरे प्रोडक्ट बाजार में मिल जाते हैं,इनसे खूबसूरती तो बढती नहीं ये प्रोडक्ट बदसूरती दे देते हैं।

### इस कारोबार ने भी पसारे पैर

शहर में नकली बेसन ( तिवड़े की दाल) से बने नमकीन का कारोबार भी काफी पैर पसार चुका है। कई बस्तियों के घरों में इस तरह के नमकीन का निर्माण हो रहा है। घटिया तेल और नकली बेसन से बनाया गया ये नमकीन सस्ता होता है और इसका उपयोग लालच में आकर कई होटलों और दुकानों के साथ ही ठेले पर नमकीन बेचने वाले धडल्ले से करते हैं। संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं देता। इसके प्रयोग से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं।

### बच्चों के लिए घातक

कई प्रसिद्ध कंपनियों के कुरकरे और फिंगर की तर्ज पर कुछ लोकल घटिया किस्म के कुरकरे,आलू की चिप्स और फिंगर जैसी खान पान की वस्तुएं भी बाजार में चलन में हैं। इनका उपयोग ज्यादातर बस्तियों में होता है,ये बच्चों के लिए घातक है, जो उनका पेट ख़राब करने के साथ ही कई परेशानियां पैदा कर देतीं हैं।

### नकली घी और मावे की भी खपत कम नहीं

शहर में नकली घी की खपत भी कम नहीं होती। कई नामी कंपनियों के रैपर में नकली घी का कारोबार कई बार पकड़ा गया है। इन दिनों तो गाय के घी के नाम पर भी नकली घी का कारोबार पांव पसारता जा रहा है। नकली घी की तर्ज पर ही नकली मावे की खपत में भी शहर पीछे नहीं है। त्योहारों और शादी समारोह के मौसम मे नकली मावा और घी का कारोबार तेज हो जाता है।

### पूर्व में पकड़ी जा चुकी है फैक्ट्रियां

नकली घी का कारोबार भी कोई नई बात नहीं है। पूर्व में कई फेक्टरियां पकड़ी जा चुकी हैं जहां पर वनस्पति और सोयाबीन के तेल के साथ ही कुछ अन्य रसायन मिलाकर नकली घी बनाने का भंडा फोड़ हो चुका है। इन फेक्टरियों में इस तरह के घी पर ब्रांडेड कंपनियों के रैपर लगाकर बाजार में बेच दिया जाता है।

### आफत में आ जाती है जान

नकली से असली आम आदमी को आर्थिक के साथ ही कई तरह से नुकसान होता है, लेकिन कई बार तो नकली खान-पान की वस्तुओं से जान तक आफत में आ जाती है। घटिया सामग्री को ऊंचे दाम पर बेच दिया जाता है और इनका प्रयोग जानलेवा साबित होता है।

### गाडियों का नकली आइल भी

दो पहिया और चार पहिया वाहनों के साथ ही मशीनों में उपयोग होने वाला नकली आइल भी शहर में बिकता है। इसका खुलासा उस समय हुआ, जब लसूडिया थाना क्षेत्र के साथ ही पालदा इलाके में भी नकली आइल की फैक्ट्री पर पुलिस ने दबिश दी।

### पहचानना मुश्किल

शहर में इलेक्ट्रानिक वस्तुओं के साथ ही खाद्य वस्तुएं और कपड़ें तथा गाडियों व मशीनों में लगने वाले पाटर्स तक नकली व डुप्लीकेट चोरी छिपे या खुलेआम बेचे जा रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि यह नकली व डुप्लीकेट माल इस तरह तैयार किया जाता है कि आम ग्राहक इसे मुश्किल से ही पहचान पाता है। वह तो जब कंपनियों की सेल में गिरावट आती है और सर्वे किया जाता है तो इस बात का पता चलता है कि कहीं पर नकली व डुप्लीकेट माल बेचा जा रहा है। तब कहीं जाकर ऐसे मामलों में कार्रवाई होती है।

## राजस्थान के अधिकारियों ने समझा मप्र की बिजली सेवा संचालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर के निर्देशन में ऊर्जा क्षेत्र की सेवाओं के संचालन की नालेज शेयरिंग सतत की जा रही है। इसी क्रम में राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने मप्र की बिजली सेवा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अजमेर विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी अधीक्षण यंत्री वीके संचेती और श्री पीसी बैरवा ने जावद का भ्रमण किया। यहां पश्चिम क्षेत्र कंपनी नीमच के अधीक्षण यंत्री आशीष आचार्य और कार्यपालन यंत्र दीपक बांदिल ने उन्हें ऊर्जस सेवाओं, 1912 सेवाओं, नए कनेक्शन समय पर देने, कृषि क्षेत्र की बिजली सुविधा, ट्रांसफार्मर सुधार कार्य एवं एलआरयू प्रक्रिया संचालन, मैंटेनेंस, पेपरलेस बिलिंग व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली। राजस्थान के अधिकारियों ने इनके अनुसरण की बात कही। अगले दो/तीन दिनों में जयपुर बिजली वितरण कंपनी से वरिष्ठ अधिकारी केएल बारोदिया, विमेश मिश्रा, जोधपुर बिजली वितरण कंपनी से अजय माथुर एवं वीएस मीणा भी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की व्यवस्थाओं से रूबरू होंगे।

## अब मरीज ईएसएमआर (लेजर) के जरिए बिना सर्जरी के हृदय रोग का इलाज करा सकेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर शहर में हृदय रोगियों के लिए एक खुशी की खबर है। जिसमें अब ईएसएमआर (लेजर) के जरिए मरीज बिना सर्जरी के हृदय रोग का इलाज करा सकेंगे। इस उद्देश्य से ग्रेटर ब्रजेश्वरी कॉलोनी, अग्रवाल पब्लिक स्कूल के पास, पिपलियाहाना, इंदौर में आयुष्यमान हार्ट एंड वेलनेस सेंटर शुरू किया गया है। जिसके बारे में डॉक्टर कमलदीप चावला कह रहे हैं कि इंदौर में आयुष्मान हार्ट एंड वेलनेस सेंटर शुरू करके हमें बहुत खुशी महसूस हो रही है, जिनके हृदय की नलिकाएं अवरूद्ध हों, हृदय का ऑपरेशन (बाईपास/स्प्रिंग) हो चुका हो, लेकिन कोई समस्या हो, तो दोबारा ऑपरेशन से बचने के लिए लेजर द्वारा हृदय रोग का उपचार एक महत्वपूर्ण विकल्प है। ईएसएमआर उपचार के लाभों के बारे में डॉ. कमलदीप चावला ने कहा कि ईएसएमआर मायोकार्डियल रिवास्कुलराइजेशन करके हृदय की हाइपोथर्मिक कोशिकाओं को संवेदनशील बनाकर हृदय की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। जब दिल का इलाज सर्जरी या दवाओं से संभव नहीं है, तो ईएसएमआर ही एकमात्र विकल्प है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. ए.डी. भटनागर, एमडी डीएम एम्स वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एवं श्रीमती अनिता व्यास वरिष्ठ नगर मंत्री, भाजपा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इंदौर केन्द्र का संचालन डॉ. पंकज सिंह द्वारा किया जायेगा।

## 42 साल पुरानी यादों को ताजा किया छात्रों ने वैष्णव हायर सेकेंडरी के भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। फिर एक बार 42 साल पूर्व की यादें ताजा करने के लिए वैष्णव स्कूल के 1982 बैच के 72 मित्रों ने फिर से बचपन जीया और दिन भर वैसी ही मस्ती की जैसी मस्ती बचपन मे किया करते थे। कोई आसान कार्य नहीं है 42 वर्षो तक मित्रों को सहेज कर रखना, लेकिन कुछ लोगो की जिंदगी ही दोस्तों मे बसती है। ऐसे ही हमारे बलबीरसिंघ भल्लु अरोरा, रवीद्र सलवाडिया एडवोकेट; लक्ष्मीकान्त भण्डारी ; संजय नीमा अश्विनी उपाध्याय ; मनोज बड़जात्या ; और अनिल जैन साथियों ने 1982 से सभी मित्रों को जोड़ कर रखा है। कार्यक्रम का शुभारंभ निर्मल संघवी ने कुछ शिक्षकों की याद से गुरु पूर्णिमा [बीते दिनों] प्रारम्भ किया। तत्पश्चात राजू नंदवानी ने गीतों के माध्यम से समां बाँधा। विशेष रूप से बरोठा जिला देवास से सुनील महाजन; पुणे से स्थानांतरित संघवी ललित [न्यू इंडियन]; अमरीश दममानी ; दिलीप जैन; हरीश उप्पल; पदम शाह सहित सभी मित्रों ने सहभागिता प्रदान की । कार्यक्रम मे गंगवाल ने वास्तु संबन्धित सारगर्भित जानकारी प्रदान की एवं सीए श्री राजेश सेलोत ने हाल ही मे प्रस्तुत बजट मे आयकर संबन्धित छुपी हुई बारीकियों से अवगत कराया। साथी अनिल जैन ने सभी साथियों को नाश्ते से लेकर मालवी व्यंजन [दाल बाफले लड्डू] का सुस्वादु भोजन पान के साथ कराया ।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बिगड़ती जीवनशैली और दूषित खानपान के चलते कई बीमारियाँ मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए वी-वन हॉस्पिटल और प्रिंस हुंडई ने मिलकर रविवार, 28 जुलाई 2024 को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जाँच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का नेतृत्व डॉ. वैभव यादव, एमडी मेडिसिन ने किया और उनके साथ वी वन हॉस्पिटल की टीम ने प्रिंस हुंडई के ग्राहकों और उनके परिवारों के लिए ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हाइट, वेट और वाइटल्स जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें कीं। इसके अलावा, मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा व्यक्तिगत परामर्श भी दिया गया। इस शिविर में करीब 150 से अधिक लोगों ने भाग लेकर अपनी सेहत की जांच करवाई। वी-वन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ तन्मय चौधरी ने कहा, ह्लयह शिविर इंदौर के लोगों के स्वास्थ्य के प्रति वी-वन हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। हमारा मानना है कि स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध समाज होता है।

### पार्टी हाईकमान ने पूछा- लोकतंत्र की हत्या करने वाले का स्वागत क्यों?

# इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष और ग्रामीण अध्यक्ष सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने इंदौर शहर अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा और ग्रामीण अध्यक्ष सदाशिव यादव को सस्पेंड कर दिया। मामला 12 जुलाई को गांधी भवन कार्यालय में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत भाजपा नेताओं के स्वागत और गुलाब जामुन खिलाने से जुड़ा है। सोमवार को कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि दोनों से 7 दिन में जवाब मांगा था। संतुष्टिजनक जवाब आने तक दोनों सस्पेंड रहेंगे।**



बता दें, 7 से 14 जुलाई तक मंत्री विजयवर्गीय ने इंदौर शहर में 51 लाख पौधे रोपने की अपील की थी। इसमें सहयोग मांगने के लिए विजयवर्गीय कांग्रेस के गांधी भवन कार्यालय गए थे। यहां शहर अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा और ग्रामीण अध्यक्ष सदाशिव यादव के नेतृत्व में विजयवर्गीय का हार-फूल से स्वागत किया गया। समोसे और गुलाब जामुन का नाश्ता भी कराया गया। नाराज कांग्रेस हाईकमान ने कहा- दोनों ने गांधी भवन में ऐसे शख्स का स्वागत किया, जिसने लोकतंत्र की हत्या की है। निलंबन के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष रहे चड्ढा अचानक दिल्ली पहुंच गए। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में हूं। रात को लौटकर इस मुद्दे पर अपनी बात रखूंगा। ग्रामीण अध्यक्ष सदाशिव यादव ने कुछ भी कहने से मना कर दिया है। कांग्रेस की गाइडलाइन के अनुसार, ऑफिस में सूत की माला से स्वागत किया जाना था। गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कराया जाना था, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इसकी अनदेखी कर दी थी। पार्टी के दूसरे खेमे ने हाईकमान को इसकी शिकायत कर दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की। मामला दिल्ली तक पहुंचा तो प्रदेश संगठन हरकत में आया। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि दोनों ने 28 जुलाई तक नोटिस का जवाब नहीं दिया, इसलिए संतोषप्रद जवाब मिलने तक निलंबित रहेंगे।

## द मैजिक ऑफ किशोर दा 4 अगस्त को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पार्श्वगायक किशोर दा की जयंती 4 अगस्त को गीत-संगीत की महफिलों के साथ मनाई जाएगी। शहर के बड़े आडिटोरियम रविन्द्र नाट्यगृह पर एक खास कार्यक्रम द मैजिक ऑफ किशोर दा 4 अगस्त गुरुवार को शाम ठीक साढ़े छह बजे शुरू होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई से हेमंत कुमार म्यूजिक डायरेक्टर हेमंत कुमार महाले शिरकत करेंगे। जिसमें मालवा रत्न अवार्ड से सम्मानित और किशोर कुमार अवार्ड विनर इंदौर के जाने-माने प्रख्यात गायक विक्रम बजाज के मुख्य स्वर होंगे। भले ही किशोर कुमार हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन मुम्बई में स्थापित हो चुके इंदौर के विक्रम बजाज की गायिकी किशोर कुमार की कॉर्बन कॉपी हैं। हूबहू किशोर कुमार की आवाज में जब वे गाते हैं तो संगीत रसिक रोमांचित हो उठते हैं। इस सुरीली शाम में विक्रम बजाज का साथ देंगी बॉलीवुड सिंगर अनुजा सिंह, योगेंद्र पटेल, सारेगामा पा की ध्वनि मुले, रश्मि अजमेरा की दिलकश आवाज को रूबरू सुना जा सकेगा। कार्यकम और सं संगीत योगेश पाठक और कोरस गुंजन चौरसिया का हैं. यह जानकारी समीक्षक संजय एम. तराणेकर ने दी।

## एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में 100 लोगों का परीक्षण एवं उपचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। एक्यूप्रेशर चिकित्सा का निःशुल्क शिविर श्री योग स्टूडियो नवलखा पर आयोजित किया गया।एक्यूप्रेशर चिकित्सक शरीर के मेरिडियन पर एक्यूपॉइंट पर दबाव डालने के लिए अपनी उंगलियों, हथेलियों, कोहनी या पैरों या विशेष उपकरणों का उपयोग करते हैं। कभी-कभी, एक्यूप्रेशर में स्ट्रेचिंग या एक्यूप्रेशर मालिश के साथ-साथ अन्य तरीके भी शामिल होते हैं। यह शिविर आरोग्य एक्यूप्रेशर एंड न्यूरोथैरेपी सेंटर के थेरेपिस्ट मनोज मालवीय और थेरेपिस्ट सुनीता मालवीय द्वारा लगाया गया।जिसमें कई टूल्स कासे की थाली के मध्यम से एक्यूप्रेशर पॉइंट प्रेस किए गए जिससे बॉडी डिटॉक्स भी हो जाता है। विशेषज्ञ थेरेपिस्ट मनोज मालवीय ने इस अवसर पर योग दर्द निदान स्वयं द्वारा कार्यशाला भी ली, इस कार्यशाला में मीत मालवीय , योगाचार्य ज्योति अग्रवाल ने परिचर्चा की। नवलखा क्षेत्र के 100 लोगो का परीक्षण और उपचार किया गया । कार्यक्रम की सूत्रधार कुसुम अग्रवाल ने संचालन किया और सुनीता मालवीय ने आभार माना।

## गौशाला में पौधारोपण किया

**इंदौर।** मॉनसून में केवल पौधारोपण ही काफी नहीं उसकी देखभाल भी वैसी ही करें जैसे एक परिवार अपने सदस्य की करता हैं। ये विचार समाजसेवी पारस कटारिया के हैं, जो उन्होंने हातोद रोड स्थित श्रीकृष्ण बलदाऊ गौशाला में पौधारोपण अभियान के तहत कहे। मुख्य अतिथि राजेश विजयवर्गीय ने कहा कि यह पौधारोपण आने वाली पीढियों के शुद्ध हवा के साथ फल भी देगा और इससे दूसरों को प्रेरणा भी मिलेगी। श्रीमती निर्मला देवी कटारिया ने बताया कि यह अभियान इंदौर के 51 लाख पौधारोपण में सहयोगी साबित होगा। इंदौर को क्लीन सिटी के साथ ग्रीन सिटी भी बनाना हैं। सम्भव कटारिया ने बताया कि ग्राम खजुरिया स्थित गौशाला में ऐसी 80 गाय रह रही हैं जो दूध नहीं देती हैं ,लेकिन उनको यहां भरपूर चारा - भूसा और खली दी जाती हैं। इन गायों को हरी सब्जियों के साथ ताजे फल भी दिए जाते हैं जिससे इनका जीवन सुरक्षित रहें। ऐसी गायों को कत्लखाने से जाने से बचाना हैं। अतिथि स्वागत जयसिंह रघुवंशी, अनूप भाटी, नीरज कटारिया, शालिनी कटारिया, बी.के शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण जोशी ने किया। अंत में आभार माना नीरज कटारिया ने।

## नीमा को किया गया स्वच्छता मिशन क़े जनक कर्मयोगी राष्ट्र संत श्री गाडगे सम्मान से सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रविवार को अभिनव कला समाज मे रजक संसार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में स्वच्छता मिशन के जनक कर्मयोगी राष्ट्र संत श्री गाडगे बाबा के नाम पर दिया जाने वाला अवार्ड 'आदित्य की आवाज़'समाचार पत्र के पत्रकार सचिन नीमा को दिया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने वाले अन्य समाजसेवीयो का व पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। अतिथि उद्बोधन कार्यक्रम के संयोजक शिवनारायण कोदिया ने दिया।कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र,पंजाब से भी अतिथि सम्मिलित हुए। अंत मे सभी का आभार सुरेश वर्मा बंजारिया द्वारा माना गया।

## मोहता भवन चातुर्मास स्थल पर मुनिश्री प्रमाण सागर ससंघ से लिया मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के दिगंबर जैन समाज का मोहता भवन चातुर्मास स्थल पर मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ससंघ विराजित हुए हैं। इस अवसर पर सोमवार को मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल गुरु चरणों में आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस मौके पर चातुर्मास कमेटी के सदस्यों ने मंत्री को मालवी पगड़ी और दुपट्टा पहनाकर सम्मान दिया।**

दिगंबर जैन समाज के मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि सोमवार को मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज संसघ से सोमवार को मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं दिगंबर जैन समाज के समाज गोरव भामाशाह अशोक पाटनी आदि ने चातुर्मास स्थल मोहता भवन में मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुचरणों में सिर झुकाकर नमन कर श्रीफल भेंट किए गए। इस अवसर पर चातुर्मास कमेटी के प्रमुख नवीन गोधा, मनोज बाकलीवाल ने मंत्री का स्वागत किया।

ऐसे हादसे को इंदौर भी दे रहा है न्योता...

# बेसमेंट में कोचिंग, लाइब्रेरी और दुकानें, तेज बारिश में भर जाता है पानी






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दिल्ली में बेसमेंट में संचालित एक लाइब्रेरी में पानी भरने से तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई है। ऐसे हादसे को इंदौर भी न्योता दे रहा है। यहां करीब 30 प्रतिशत बेसमेंट में लाइब्रेरी, कोचिंग और अन्य दुकानें संचालित हो रही हैं।**

नियमानुसार बहुमंजिला भवन में पार्किंग अनिवार्य है। बेसमेंट में पार्किंग, गोडाउन और गार्ड का कमरा ही बनाया जा सकता है। जबकि जिम्मेदार इन्हें नजरअंदाज कर रहे हैं। इसका खामियाजा किसी भी दिन आम जनता को भुगतना पड़ सकता है। इंदौर शहर के भंवरकुआं, गीता भवन, नौलखा, टॉवर चौराहा आदि क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कोचिंग और लाइब्रेरी हैं। इन क्षेत्रों में अधिकांश बिल्डिंग के बेसमेंट का उपयोग भी इसी व्यवसाय के लिए किया जाता है। इनमें सैकड़ों विद्यार्थी बैठे रहते हैं। कई बार जब तेज बारिश होती है तो इनके बेसमेंट में भी पानी भरने लगता है। भंवरकुआं क्षेत्र के सुंदरम कांप्लेक्स में करीब 50 कोचिंग व लाइब्रेरी संचालित होती हैं, इसके बेसमेंट में वर्तमान में पानी भरा हुआ है। लेकिन संचालक ध्यान नहीं दे रहे। वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। विष्णुपुरी स्थित उदयराज बिल्डिंग के बेसमेंट में भी पानी भरा हुआ है। शहर में नियम कायदों को ताक पर रखकर बनाए गए कांप्लेक्स, होटल, अस्पताल संचालक आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बिल्डिंग बनाते समय बेसमेंट में पार्किंग दर्शाकर नक्शा पास करवा लेते हैं, लेकिन कुछ समय बाद पार्किंग बिल्डिंग से हटकर सड़क पर आ जाती है।

# वाहन चोरी पर जीरो टालरेंस अपनाए पुलिस

## कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं ने पुलिस की नींद हराम कर रखी है। रोजाना 4 से 5 स्थानों पर इस तरह की वारदात हो रही है। यदाकदा मामले में ही पुलिस को वाहन चोर पकड़ने में सफलता हासिल होती है। घटना की पुनरावृत्ति रोकने पर पुलिस जीरो टालरेंस की नीति पर काम करे। इसके साथ ही पुरानी आईपीसी की धारा 363(अपहरण-गुमशुदगी) के जितने भी लंबित प्रकरण थानों में दर्ज हैं, उन सभी का समय सीमा में निपटारा किया जाए। यह निर्देश पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने पलासिया स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। साथ ही थाना स्तर पर अपराधों की समीक्षा भी की।

**सारे शहर में लगाएं कैमरे-** अपराधों पर नियंत्रण और आरोपियों की धरपकड़ में सीसीटीवी कैमरे मददगार साबित हो रहे हैं। वर्तमान में शहर के प्रमुख चौराहों, मार्गों और अन्य स्थानों पर करीब 1500 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पुलिस आमजन से फुल कवरेज और लंबी दूरी तक फुटेज दिखाने वाले कैमरे लगाने की अपील करे। जिन घरों के कैमरे बंद पड़े हैं, उन्हें ठीक कराने को कहा जाए।

### एक पखवाड़े में दूसरी बैठक

एक पखवाड़े पहले भी पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों की बैठक ली थी। इस बैठक के बाद बड़े और गंभीर अपराधों में काफी हद तक कमी आई है। हालांकि, पिछले दिनों तीन-चार हत्याओं के मामले ने जरूर पुलिस की कार्यप्रणाली पर अंगुली उठाई थी।

# मकान के बाड़े से बाइक चुराने वाले धराए

### 100 सीसीटीवी कैमरे खंगालकर बदमाश तक पहुंची थी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मकान के बाड़े में खड़ी बाइक को चुराने वाले तीन बदमाश शिप्रा पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। बदमाशों को पकड़ने पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे। 26 जुलाई को ग्राम बूढ़ी बरलई की दुर्गा कालोनी में रहने वाले फरियादी के मकान के पीछे बाड़े में दो बाइक खड़ी थी। अज्ञात बदमाश बाड़े का ताला तोड़कर बाइक लेकर भाग गए थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितीका वासल के निर्देशन में टीम गठित की गई थी। टीम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए घटना स्थल के आसपास लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज में आए हुलिए के आधार पर तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेही युवक अंकित उर्फ एजू पिता जगदीश चौहान निवासी फकीरवाला खेत बूढ़ी बरलई, रामप्रसाद पिता विक्रम मालवीय निवासी ग्राम बरलाई जागीर तथा आकाश उर्फ रीतू पिता प्रकाश धनंजय निवासी नई आबादी ने फरियादी की बाइक चुराना कबूल किया। आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर सघन पूछताछ की जा रही है।

# स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिल रहे थे डॉक्टर 5 संजीवनी क्लिनिक को संस्थाओं ने 'गोद' लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में 116 संजीवनी क्लिनिक बनना हैं। इनमें से 85 नए हैं। बाकी पुराने भवनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। निगम निर्माण एजेंसी है, जबकि इन्हें संचालित करने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग सभी क्लिनिक और डिस्पेंसरियों को ठीक से नहीं चला पा रहा है। इसकी वजह यह है कि उनके पास डॉक्टर्स ही नहीं हैं। निगम की पहल पर इन्हें चलाने के लिए 5 समाजसेवी संस्थाएं आगे आई हैं। इनमें 5 संजीवनी क्लिनिक को संचालित करने का जिम्मा समाजसेवियों ने लिया है। एमबीबीएस डॉक्टर, फर्नीचर, संसाधन, दवाइयां आदि वे ही उपलब्ध करवाएंगे। इसके लिए निगम, स्वास्थ्य विभाग और संस्था के बीच अनुबंध होगा। यह जनभागीदारी का मॉडल होगा। 5 महीने पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्वास्थ्य मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा था। इसमें उन्होंने कहा था कि शहर की समाजसेवी संस्थाएं इन अस्पतालों को निःशुल्क संचालित करना चाहती हैं। इसके लिए मैन पॉवर सहित संसाधन वे ही जुटाएंगे। वहां से मंजूरी मिलते ही सोमवार को समाजसेवियों के साथ बैठक भी रखी गई। सीएमएचओ डॉ. बीएस सैत्या ने बताया कि संस्था को 208 तरह की आवश्यक दवाइयां रखना होंगी। सरकार द्वारा जारी स्वास्थ्य शिविर, अभियान आदि भी मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की तरह इन संस्थाओं में आयोजित करना होंगे। 17 तरह की निःशुल्क जांच अनिवार्य है। इसके लिए सामग्री, रिएजेंट स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध करवाएगा। मानकों के अनुसार एक डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट, डेटा एंट्री ऑपरेटर और सपोर्ट स्टाफ रखना होगा। इसका मानदेय संस्था द्वारा दिया जाएगा। जांच सामग्री विभाग से मिलेगी, लेकिन एलआईएमएस पोर्टल में हितग्राही की जानकारी अपडेट करने की जिम्मेदारी कर्मचारी की होगी।

# श्वानों पर एयर रायफल से फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सिंगापुर टाउनशिप क्षेत्र में शनिवार को सिरफिरे युवक ने एयरगन से चार श्वानों पर फायर कर दिया था। इसमें एक श्वान की मौत तथा तीन घायल हो गए थे। मामले में देर रात लसूड़िया पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पंकज बागेश्वर निवासी सिंगापुर टाउनशिप ने एयर राइफल से चार श्वानों पर छर्रे दाग दिए थे। मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पशु के प्रति क्रुरता निवारण धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। बताया जा रहा है कि आरोपी कई दिनों से आवारा श्वानों से परेशान था, इसके चलते साथी के साथ बाइक से निकला और हमला कर दिया। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहे थे।

# आठ महीने से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस को आज प्रभात गस्त के दौरान एक स्थायी वारंटी को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करीब आठ महीने से फरार चल रहे जुबेर पिता शकीर उम्र 27 वर्ष को आज गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी देते हुए सहायक उपनिरीक्षक केके परिहार ने बताया कि आज सुबह प्रभात गश्त के दौरान जुबेर पिता शकीर उम्र 27 वर्ष जय नगर चौराहे पर नजर आया। जुबेर पिछले आठ महीने से आम्र्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में फरार चल रहा था। पुलिस को देखें कर जुबेर ने छिपने की कोशिश की, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। जुबेर को माननीय न्यायलय धार ने नवंबर 2023 से फरार था। न्यायलय ने जुबेर का स्थायी वारंटी जारी कर रखा था।

# नाबालिग लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के बरदरी गांव से बीती सुबह एक नाबालिग के लापता होने का ममला सामने आया है। कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक दीपक पवार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात बरदरी गांव में किराए से रहने वाले परिवार से नाबालिग के जीजा ने थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की उसकी नाबालिग साली उम्र 16 वर्ष सुबह से लापता है। नाबालिग की बहन ने बताया कि वो यहां किसी को जानती भी नहीं कुछ समय पहले ही नाबालिग पीथमपुर रहने आई थी। नाबालिग की बहन ने शक जाहिर किया की उसकी बहन को कोई व्यक्ति बहला फुसलाकर कर ले गया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर 363,137(2) धाराओं में केस दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

# तनाव में छात्र असम गया, वापस लौटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। काम्पीटिशन की तैयारी से तनाव में चल रहा छात्र घर से बिना बताए असम चला गया। कुछ दिन बाद वह स्वैच्छा से घर लौट आया, इससे परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई। तुकोगंज पुलिस ने बताया कि 20 जुलाई को हरीश पिता रामेश्वर जयपाल 17 साल 8 वर्ष निवासी द्वारकापुरी, जो की कैटालाइजर कोचिंग साउथ तुकोगंज में जेईई मेंस की तैयारी करने आया था। सुबह 7.30 बजे कोचिंग पढने आया और उसके बाद घर नहीं पहुंचा था, तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। छात्र का मोबाइल भी बंद आ रहा था। काफी देर तक उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने तुकोगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस लापता छात्र को तलाश रही थी, तभी वह घर लौट आया। यहां से थाने आकर हरीश ने बताया कि वह कोचिंग में स्ट्रेस आने की वजह से काम्पीटिशन तैयारी के कारण तनाव में था। इसी के चलते असम चला गया था।

# रेस्टोरेंट संचालिका से अश्लील हरकत, कपड़े फाड़ दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एमआईजी में एक रेस्टोरेंट एंड बेकरी संचालिका के साथ अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसके घर पर जाकर अश्लील हरकत की और अर्धनग्न हो गया। वह युवती को मारपीट करते हुए सड़क पर ले आया। उसके कपड़े भी फाड़ दिए। पड़ोसियों ने उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। एमआईजी पुलिस के मुताबिक 32 साल की रेस्टोरेंट संचालिका ने सुजीत दया नाम के आरोपी पर छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है। रविवार को युवती अपनी नानी के साथ घर पर थी। तब आरोपी सुजीत आया और कपड़े खोल कर अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। सुजीत की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। उसने संचालिका को पकड़कर बाहर सड़क पर ले आया। यहां अश्लील इशारे कर कपड़े फाड़ दिए। लोगों ने सुजीत की इस हरकत पर उसे पकड़ा और जमकर पिटाई कर दी। बाद में उसे घायल हालत में पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# शिप्रा नदी का जल स्तर बढ़ा, कई मंदिर डूबे

## उज्जैन समेत आसपास के इलाकों में तेज बारिश, 24 घंटे से शिप्रा उफान पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन । उज्जैन और आसपास के इलाकों में लगातार हो रही बारिश के चलते मंगलवार को शिप्रा नदी जलस्तर बढ़ने लगा है। इससे रामघाट समेत अन्य घाटों पर स्थित मंदिर डूब गए। शिप्रा नदी के रामघाट पर आरती स्थल सहित पंडे- पुजारियों के तर्पण पूजा स्थल भी डूब गए। जिससे नदी किनारे पूजन करवाने वाले श्रद्धालुओं का मुश्किल हो रही है।

रविवार-सोमवार को रुक-रुक कर हो रही बारिश के चलते सड़कें जलमग्न हो गई थीं। सोमवार रात करीब एक घंटे तक तेज पानी गिरा।इससे शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। सोमवार रात 1.14 इंच बारिश दर्ज की गई। इससे देर रात से ही शिप्रा नदी का जल स्तर बढ़ने लगा था।

मंगलवार अलसुबह से रामघाट पर कई मंदिर डूब की स्थिति में आ गए। हालांकि इस दौरान घाट पर जान जोखिम में डालकर कई लोग डुबकी लगाते दिखे। एसडीईआरएफ और होमगार्ड सहित पुलिस की टीम को घाटों पर सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। वेधशाला से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बीती रात न्यूनतम तापमान रविवार रात से एक डिग्री कम होकर 23.8 डिग्री दर्ज किया गया।





### 3 दिन के बाद छिंदवाड़ा में थमी बारिश की रफ्तार

**छिंदवाड़ा** । लगातार तीन दिनों से जारी बारिश आज थम गई है, पिछले 24 घंटे में सिर्फ दो मिमी बारिश ही रिकार्ड हुई है, मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों के बाद से बारिश होने के आसार नजर आ रहे हैं। विभाग में जो आंकड़े जारी की है उसके मुताबिक छिंदवाड़ा विकासखंड में पिछले 24 घंटे में 1 मिमी, मोहखेड में 0 तामिया में 0 अमरवाड़ा में 1 चोरई में 1 हर्रई में 17 बिछुआ में 2 परासिया में 0 जुन्नारदेव में 1.8 चांद में 0 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गई। बारिश थमने से लोगों ने राहत की सांस ली है लेकिन बारिश के सिलसिला आने वाले समय में फिर जारी रह सकता है ऐसी संभावना जताई गई है।

### नर्मदापुरम में 6 दिनों बाद खुला मौसम, हल्की धूप निकली

नर्मदापुरम ।नर्मदापुरम में मंगलवार को सुबह से मौसम खुला गया और हल्की धूप निकली। लेकिन बादल भी छाए हुए है। बारिश आज नहीं होने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। 6 दिनों से लगातार रुक-रुककर रिमझिम व तेज बारिश हो रही थी। जबलपुर के बरगी डैम से 7 गेट 1.07मीटर खोलकर 35हजार 562 क्यूसेक छोड़ा पानी मंगलवार शाम तक जिले के उमरधा, साड़िया घाट तक पहुंचेगा। रात करीब 1.30बजे 2 बजे तक नर्मदापुरम में सेठानी घाट तक पहुंचेगा। जिससे नर्मदा नदी का जलस्तर 8-10 फीट बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में सुबह 8 बजे जलस्तर 943 फीट दर्ज हुआ। सोमवार की अपेक्षा नर्मदा नदी का जलस्तर फिलहाल कम हो रहा है। बरगी का पानी आने से जलस्तर में 8--10 फीट की बढ़ोतरी हो सकती है। बाढ़ की संभावना को देखते हुए नगरपालिका नर्मदापुरम में शहरी क्षेत्र में मुनादी कराई जा रही है। निचली बस्तियों के रहवासियों को पानी बढ़ने से पहल बाढ़ राहत कैंप पहुंचने की सलाह दी गई है। पचमढ़ी, बैतूल क्षेत्र में बारिश थमने से तवा डैम में अब धीरे-धीरे पानी बढ़ने की गति कम हो गई है। सुबह 8 बजे तवाडैम का जलस्तर 1157.20फीट दर्ज हुआ है। 31 जुलाई के गवर्निंग लेवल 1158 फीट पहुंचने पर गेट खोले जाएंगे।

# धड़ से 60 किलोमीटर दूर कैसे पहुंचा बच्चे का सिर

### ट्रेन से कटकर बॉडी खंडवा में गिरी सिर इंजन में महाराष्ट्र तक फंसा रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा के डोंगरगांव में रेलवे ट्रैक पर 2 साल के मासूम का कटा हुआ धड़ मिला। उसका सिर 60 किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के बाघोड़ा रेलवे स्टेशन पर मिला। आखिर बच्चा रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा और उसका सिर इतनी दूर कैसे मिला? मासूम के परिवार और रेलवे कर्मचारियों से बात की।

#### हादसा कैसे हुआ...

26 जुलाई की सुबह 10 बजे घर पर हंसी-खुशी का माहौल था। राम की मां खाना बना रही थी। पिता खेत पर गए थे। राम घर पर खेल रहा था। इसी दौरान उसके दादा-दादी खंडवा जाने के लिए घर से निकले। दादा-दादी जिस रास्ते से गए, वहां से रेलवे लाइन क्रॉस करनी पड़ती है। थोड़ी देर बाद राम भी उसी रास्ते पर दादा-दादी के पीछे चल पड़ा। बच्चे की मां और दादा-दादी इस बात से बेखबर थे। राम दादा-दादी का पीछा करते हुए घर से करीब 25 फीट दूर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया, तभी एक ट्रेन आई और उसके ऊपर से गुजर गई। राम दादा-दादी का पीछा करते हुए घर से करीब 25 फीट दूर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया, तभी एक ट्रेन आई और उसके ऊपर से गुजर गई। ट्रेन से मासूम का सिर, धड़ से अलग हो गया। धड़ घटनास्थल पर गिरा और सिर ट्रेन में फंसकर चला गया। परिजन को धड़ मिला तो वे सिर की तलाश करते रहे। ट्रेन में फंसा राम का सिर 60 किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के बाघोड़ा रेलवे स्टेशन के पास गिरा। ये सिर आरपीएफ की टीम को ट्रैक पर सर्चिंग के दौरान मिला।

#### रेलकर्मी को ट्रैक के किनारे मिला शव

राम के पिता कालूराम बारेला का कहना है, हाखेत से मवेशी चराकर घर लौटे तो राम कहीं दिखाई नहीं दिया। पत्नी से पूछा कि वह कहां है। उसे भी कुछ पता नहीं था, तभी हम दोनों उसे ढूंढने निकल गए। घर के सामने वाले रास्ते से रेलवे ट्रैक तक गए, लेकिन वो नहीं मिला। फिर मां मोहल्ले में तलाशती रही और पिता खेत की ओर तलाशने निकल गए। करीब एक घंटे बाद एक रेलकर्मी को ट्रैक किनारे बच्चे का शव दिखाई दिया, लेकिन ये सिर्फ धड़ था। गैंगमैन ने इसकी सूचना रेलवे अफसर को दी। हमने भी बोरगांव चौकी पुलिस को फोन किया। पुलिस अधिकारी मौके पर आए। चार-पांच किलोमीटर तक सिर को ढूंढा, लेकिन नहीं मिला। इतने में एक रेलकर्मी ने आशंका जताई कि अक्सर बॉडी के टुकड़े रेल के इंजन में फंस जाते हैं। हो सकता है कि आगे कहीं गिरा होगा।

# ग्वालियर में पकड़ा नकली नोट का कारखाना

## 50,100, 200, 500 रुपए के नकली नोट बनाकर मार्केट में खपा रहे थे, दो गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर क्राइम ब्रांच के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने बीच शहर में चल रही नकली नोट बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब 2.09 लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। साथ ही 18 हजार रुपए के आधे बने नकली नोट बरामद हुए हैं। इसके अलावा नोट बनाने में लगने वाली सामग्री, डाई, कलर, स्कैनर, प्रिंटर के साथ ही बटर पेपर मिला है जिस पर नोट के प्रिंट किया जा रहा था।

एक बार तो पुलिस भी इन नोटों को देखकर आश्चर्य में पड़ गई थी। पकड़े गए दोनों आरोपियों पर धोखाधड़ी से लेकर बाइक चोरी के गई आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह छह महीने से ज्यादा समय तीन से चार लाख रुपए नकली मार्केट में खपा चुके हैं। इनको पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

ग्वालियर क्राइम ब्रांच पुलिस को सूचना मिली थी कि जनकगंज थाना क्षेत्र के जागृति नगर में एक किराए का कमरा लेकर कुछ लोग नकली नोट छापने का काम कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए क्राइम ब्रांच की एक टीम रैकी करने के लिए लगाई गई तो मुखबिर के द्वारा बताई गई बात सही साबित हुई। इसके बाद पहले से तैयार क्राइम ब्रांच की एक टीम ने उस मकान पर छापामार कार्रवाई की। जब पुलिस कमरे के अंदर



दाखिल हुई तो पुलिस की आंखें फटी की फटी रह गईं। कमरे में नकली नोट बिखरे पड़े थे और छापने का काम दो लोगों के द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने सबसे पहले दोनों युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंसार अली निवासी गांव पवई भिंड, अशोक माहौर निवासी दंदरौआ मौ भिंड के रूप में हुई है। पुलिस ने जब उनको थाना लाकर पूछताछ की है तो नकली नोट मार्केट में खपाने के बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है।

#### छह महीने पहले किराए पर लिया था कमरा

नकली नोट बनाने वाले गिरोह के सदस्य अंसार अली, अशोक माहौर ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि छह महीने पहले ही उन्होंने यह कमरा किराए पर लिया था। उनका मकसद था कि वह यहां से ही पूरे शहर व आसपास के शहरों में नकली करेंसी को चला सकें। आरोपियों के रूम से पुलिस ने 50, 100, 200 व 500 रुपए के नकली नोट मिले हैं। आरोपियों के रूम से कुल 2 लाख 09 हजार रुपए के नकली नोट मिले हैं। साथ ही नोट छापने का सामान कलर, स्कैनर, प्रिंटर, स्याही, बटर पेपर सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है।

#### आसपास के शहरों में खपाते थे नकली नोट

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपी ने बताया कि उन्होंने हाली में 2 लाख रुपए नकली नोट का एक बंडल छापकर श्योपुर भेजा है और दूसरी खेप गुना भेजने वाले थे। लेकिन उससे पहले ही आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। आरोपी अशोक छोटे-मोटे दुकानदारों को 100 50 और 200 का नोट चलता था।

#### भिंड के बदमाश हैं नकली नोट छापने वाले

गिरफ्तार आरोपियों में से अंसार अली के ऊपर पहले से ही 4 धोखाधड़ी और एक वाहन चोरी का मामला भी दर्ज है। वहीं पुलिस को आशंका है कि उनकी गैंग में और भी लोग शामिल हो सकते हैं इसलिए पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### पुलिस का कहना

इस मामले में एएसपी क्राइम ब्रांच शियाज केएम ने बताया कि एक मकान में छापा मारकर नकली नोट छापने और खपाने वाली गैंग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गैंग के दो सदस्यों के पास से 50,100,200,500 के नकली नोट 2 लाख 9 हजार रुपए के अलावा कर नोट छापने वाली कलर, स्कैनर प्रिंटर, बटर पेपर को जब्त किया है।

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हुआ बड़ी समस्या का निपटारा

सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले के बाद उन राज्यों को अपना राजस्व जुटाने में काफी मदद मिलेगी, जहां खनिज पदार्थों की बहुलता है। ओड़ीशा, मध्यप्रदेश, झारखंड आदि राज्यों में कोयला, सीमेंट, लौह अयस्क, पेट्रोलियम आदि पदार्थों की खदानें हैं, मगर वे उनका पूरा लाभ नहीं ले पाती, क्योंकि उन पर अभी तक केंद्र सरकार भी अपना हक जताती आ रही थी। केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे को लेकर कई बार विवाद उठ चुके हैं। केंद्रीय कर प्रणाली जीएसटी लागू होने के बाद भी कुछ चीजों पर करों और उपकरों के बंटवारे को लेकर सवाल उठते रहे हैं। खनिजों के स्वामित्व का प्रश्न भी उनमें एक है। केंद्र सरकार ने खनिजों पर कर और उपकर लगाना शुरू किया, तो कुछ कंपनियों और राज्य सरकारों ने इस पर सवाल उठाए। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने अब स्पष्ट कर दिया है खनिजों पर राज्य सरकारों का हक होता है। वे उनका पट्टा देने को स्वतंत्र हैं। इसके लिए किए गए करार की एवज में वे जो शुल्क प्राप्त करती हैं, उसे कर नहीं कहा जा सकता। वह रायल्टी की श्रेणी में आता है। रायल्टी को कर नहीं कहा जा सकता। इस फैसले से खासकर ओड़ीशा और झारखंड को बड़ी राहत मिली है। हालांकि करीब पैंतीस वर्ष पहले भी एक सीमेंट कंपनी ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह मामला उठाया था कि केंद्र सरकार उससे उपकर नहीं वसूल सकती। तब अदालत ने कहा था कि खनिजों पर कर लगाने का अधिकार केंद्र सरकार को है। मगर दूसरे मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने करीब बीस वर्ष पहले उस फैसले को पलटते हुए कहा कि पुराना फैसला छापे की गलती से भ्रामक हो गया था। केंद्र को खनिजों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है। अब नौ न्यायाधीशों की पीठ ने इस मामले पर बहुमत से फैसला दिया है कि खनिजों पर राज्य सरकारों का अधिकार है। दरअसल, यह मामला इसलिए उलझा हुआ था कि संविधान में केंद्र को खदानों के आबंटन से संबंधित सीमाएं तय करने का अधिकार केंद्र सरकार को दिया गया है। मगर जमीन, भवन आदि पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को है। इसलिए केंद्र सरकार खनिजों पर कर लगाने लगी थी। अब सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि खनिज राज्य सरकार की संपदा हैं, इसलिए वह उसके पट्टे की कीमत तय कर सकती है। अगर खनिजों पर भी केंद्र सरकार कर वसूलने लगेगी, तो राज्यों को अपनी विकास परियोजनाओं के लिए धन जुटाना मुश्किल हो जाएगा। इस फैसले के बाद राज्य सरकारें केंद्र द्वारा वसूला गया कर वापस दिलाने की गुहार लगा रही हैं।

### अर्ज किया है..!

*उस एक चेहरे में*
*आबाद थे कई चेहरे*
*उस एक शख़्स में किस*
*किस को देखता था मैं*

-सलीम अहमद




सत्य-प्रेम-करुणा...

**मौन का अर्थ केवल चुप रहना नहीं मन की प्रसन्नता का नाम मौन है। हमारा मन जितना प्रसन्न रहे उतने हम मौन हैं ... गुस्से में मौन नहीं रहना, प्रसन्नता से आप घंटों तक बोलो तो भी आप मौन हैं...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### Health is Wealth

# 5 तरह के होते हैं नमक, जानें कौन सा Salt दूर करता है कौन सी बीमारी

भोजन का स्वाद बढ़ाने के लिए उसमें नमक का इस्तेमाल किया जाता है। बिना नमक खाना बेस्वाद लगने लगता है। शरीर को फिट और हेल्दी रखने के लिए भी सोडियम जरूरी होता है, जो कि नमक खाने से ही मिलता है। बावजूद इसके डॉक्टर अच्छी सेहत के लिए व्यक्ति को सीमित मात्रा में ही नमक का सेवन करने की सलाह देते हैं। ऐसे में आपकी सेहत के लिए कौन सा नमक ज्यादा सूट करता है, यह जानने से पहले जान लेते हैं आखिर नमक होते कितने तरह के हैं और किस व्यक्ति को कौन सा नमक खाने से क्या फायदा मिलता है।



#### सेंधा नमक-

आयुर्वेद के अनुसार सेंधा नमक को बाकी नमक से बेस्ट माना जाता है। व्रत में भी इसी नमक का सेवन किया जाता है। इस नमक की खासियत यह है कि यह सफेद और काला नमक से 84 गुना बेहतर होता है। इस नमक में कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन, जिंक, कॉपर, सेलेनियम जैसे कई मिनरल्स मौजूद होते हैं। जो सीने में जलन, जीईआरडी, सूजन, पाचन संबंधी समस्याओं और कब्ज में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

#### समुद्री नमक-

समुद्री नमक को समुद्र के पानी से बनाया जाता है। इसमें मौजूद खनिजों मैग्नीशियम, पोटेशियम और कैल्शियम की वजह से यह सेंधा नमक से महंगा होता है। इस नमक में मौजूद कैल्शियम दांतों व हड्डियों को कमजोरी होने से बचाए रखता है। यह त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने का प्रभावी उपाय है। हालांकि समुद्री नमक का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए वरना यह उच्च रक्तचाप का कारण बन सकता है।

#### आयोडीन नमक-

यह नमक आयोडीन रिच होने की वजह से थायराइड ग्रंथि के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इस तरह का नमक घरों में सबसे ज्यादा यूज किया जाता है, लेकिन इसका सेवन भी सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। आयोडीन नमक खाने से तनाव कम महसूस होता है, मस्तिष्क के साथ बाल, नाखून, दांत और त्वचा की सेहत का भी ध्यान रखता है।

#### काला नमक-

काला नमक का केमिकल कंपोजिशन सोडियम क्लोराइड होता है। इसमें सल्फर की मात्रा अधिक होने से ये पेट की सेहत का खास ख्याल रखता है। इसके नियमित सेवन से पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और अपच से राहत मिलती है। इसके अलावा काला नमक वजन घटाने, बीपी कंट्रोल रखने, सीने की जलन को दूर करने और मांसपेशियों की ऐंठन से राहत देने में मदद करता है।

#### गुलाबी नमक-

गुलाबी नमक हिमालय से मिलता है, जिसमें कई तरह के खनिज मौजूद होते हैं। यह नमक स्वाद में हल्का मीठा लगता है। इस नमक के नियमित और सीमित मात्रा में सेवन करने से ब्लडप्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। गुलाबी नमक को खाने या पेय पदार्थों में मिलाने से शरीर को फ्लूड बैलेंस बनाने में मदद मिलती है। जिससे डिहाइड्रेशन से बचाव होता है। पिंक हिमालयन नमक आपके दिमाग में serotonin हार्मोन को बढ़ाकर स्ट्रेस से राहत देता है। स्ट्रेस कम होने के कारण आपको बेहतर नींद आती है। इतना ही नहीं हिमालयन पिंक नमक आपकी त्वचा को साफ करने में भी मदद करता है।

#### सलाह-

ज्यादा नमक खाने से हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक, कैल्शियम की कमी हो सकती है। इसकी वजह से शरीर में पानी जमने लगता है और हाथ-पैरों में भयानक सूजन आ सकती है। यही वजह है कि नमक का सेवन सीमित मात्रा में ही करने की सलाह दी जाती है। अगर आप पहले से ही बीपी या किसी अन्य सेहत से जुड़ी समस्या से जुझ रहे हैं तो किसी भी नमक का सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेना ना भूलें।

Keral

# वायनाड में बारिश-लैंडस्लाइड का कहर, मलबे में दबे 100 लोग, 24 की मौत... रेस्क्यू के लिए सेना तैनात

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)** केरल के वायनाड में भीषण बारिश के बीच लैंडस्लाइड (भूस्खलन) हुई है. इसमें 100 से ज्यादा लोग फंस गए हैं. लोगों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है. मृतकों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं.

जानकारी के मुताबिक लैंडस्लाइड मंगलवार की सुबह तड़के करीब 2 बजे हुई. इसके बाद सुबह करीब 4.10 बजे फिर एक बार लैंडस्लाइड हुई. लैंडस्लाइड के चलते करीब 100 से ज्यादा लोग मलबे में फंस गए, जिन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है.



लैंडस्लाइड से घायल होने वाले 16 लोगों को वायनाड के मेप्पाडी में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं. उन्होंने कहा है कि वायनाड में भूस्खलन के बाद सभी संभावित बचाव कार्यों का समन्वय किया जाएगा.घटना के बारे में पता चलते ही सरकारी तंत्र बचाव अभियान में जुट गया है. रेस्क्यू ऑपरेशन में राज्य की सभी सरकारी एजेंसियां लगी हुई हैं. आज राज्य के मंत्री घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं.

हादसे की भयावहता को देखते हुए सेना से रेस्क्यू ऑपरेशन का अनुरोध किया गया था, जिसके बाद सेना ने 4 टुकड़ियां जुटाई गई हैं.

Jharkhand

झारखंड में बड़ा रेल हादसा

## चक्रधरपुर में हावड़ा-मुंबई मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतरे, दो की मौत 20 घायल



**रांची, (एजेंसी)** झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल के बाराबम्बो रेलवे स्टेशन के पास हावड़ा मुंबई मेल एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है. बताया जा रहा है कि रेल के 18 कोच पटरी से उतर गए. इस हादसे में दो यात्री की मौत हो गई है और 20 लोग घायल हो गए हैं. मौके पर रेलवे कर्मचारियों के साथ एआरएम, एडीआरएम और सीकेपी की टीम पहुंच गई हैं जो घायलों को रेस्क्यू कर रही है. साथ ही टीम ने 80 प्रतिशत यात्रियों को घटनास्थल से चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा दिया है.

घटना की पुष्टि करते हुए एक अधिकारी ने कहा कि 12810 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस के सुबह करीब 3:45 बजे चक्रधरपुर डिवीजन के राजखरसवां वेस्ट आउट और बाराबम्बो के बीच चक्रधरपुर के पास 18 कोच के पटरी से उतरने की सूचना मिली थी. हादसे में दो यात्री की मौत हो गई है.एसईआर ने कहा, बाराबम्बो के पास हावड़ा-मुंबई मेल एक्सप्रेस के 18 कोच पटरी से उतर गए, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है और 20 लोग घायल हो गए. बचाव अभियान अभी जारी है. एनडीआरएफ की एक टीम मौके पर बचाव कार्य कर रही है. पहले अधिकारी ने बताया कि रेल हादसे में एक यात्री की मौत हो गई है. मृतक मुंबई हावड़ा मेल अपलाइन के B4 कोच में यात्रा कर रहा था. साथ ही बी 4 कोच में एक और यात्री के फंसे होने की खबर है.

Bihar

## बहनोई ने प्रॉपर्टी के लालच में साले को मौत के घाट उतारा, रेलवे स्टेशन बुलाकर हत्या की

**जहानाबाद, (एजेंसी)** बिहार के जहानाबाद जिले से संपत्ति के लालच में रिश्ते को तार-तार करने वाली खबर सामने आई है। प्रॉपर्टी के लिए बहनोई ने अपराधियों के साथ मिलकर अपने साले को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद उसके शव को पइन में गाड़ दिया गया। आरोपी अखिलेश कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने सोमवार को सड़ा गला शव बरामद किया। मृतक नागेंद्र कुमार मानिकपुर थाना क्षेत्र के मंझियामा टोला मंगर बिगहा का रहने वाला था। वह अपने ससुराल पिजौरा से 20 जून से गायब था। इस संबंध में भेलावर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। मृतक के रिश्तेदार निरंजन कुमार ने बताया कि नागेंद्र के बहनोई अखिलेश कुमार ने सूरत जाने के नाम पर 20 जून को जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर उसे बुलाया था। इसके बाद से नागेंद्र लापता था। घटना को अंजाम देने के बाद बचने के लिए अखिलेश सूरत चला गया था। नागेंद्र के बारे में परिजन ने जब उसके बहनोई से पूछा तो वह टालमटोल जवाब देता रहा। वह कहता कि नागेंद्र जहानाबाद में ही होगा। इस पर परिजन को शक हुआ कि नागेंद्र के साथ साथ किसी तरह की अनहोनी हुई है।

Uttarpradesh

## शाहजहांपुर में बाप-बेटी का कत्ल... थाने से महज दो सौ मीटर दूर छोटे भाई ने इसलिए खेला खूनी खेल

**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भाइयों के बीच रोजाना के झगड़े ने मंगलवार सुबह खूनी रूप ले लिया। छोटे भाई ने लाइसेंसी बंदूक से बड़े भाई और भतीजी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी परिवार समेत फरार हो गया। वारदात थाने से महज दो सौ मीटर दूरी पर अंजाम दी गई। पुलिस की लापरवाही से नाराज परिजनों ने शव रखकर निगोही-बीसलपुर मार्ग पर जाम लगा दिया।

निगोही थाना क्षेत्र के आदर्शनगर में श्रीपाल (50) और उसका छोटा भाई गुड्डू राठौर अगल-बगल रहते थे। दोनों लोग कोल्हू लगाए हुए थे। उनके परिवारों में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था।



कभी कोल्हू पर आने वाले ग्राहक को लेकर दोनों पक्ष भिड़ जाते थे तो कभी मकान के बाहर पड़ी जमीन पर कब्जे को लेकर झगड़ा होता रहता था। सोमवार को भी दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। मारपीट के बाद जब दोनों पक्ष थाने पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्ष से एक-एक व्यक्ति को थाने में बैठा लिया था।

खेल

# पुरुष युगल टेनिस के पहले दौर में हारने के बाद रोहन बोपन्ना ने की संन्यास की घोषणा



**पेरिस। भारतीय दिग्गज रोहन बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल टेनिस के पहले दौर में हारने के बाद संन्यास की घोषणा कर दी। रविवार को खेले गए मुकाबले में उन्हें फ्रांस की गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर वेसलिन की जोड़ी ने 5-7, 6-2 हरा दिया। इसी के साथ भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो गई।**

**'यह मेरा आखिरी इवेंट था'-** इस मैच में हार के बाद बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित रूप से देश के लिए मेरा आखिरी इवेंट होगा। मैं पूरी तरह से समझता हूं कि मैं कहां हूं और अब, जब तक यह चलता रहेगा, मैं टेनिस सर्किट का आनंद लेता रहूंगा। मैं जहां हूं, उसके लिए यह पहले से ही एक बड़ा बोनस है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दो दशकों तक भारत का प्रतिनिधित्व करूंगा। 2002 से अपने पदार्पण से और 22 साल बाद भी भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलना। मुझे इस पर बेहद गर्व है।'

**1996 के बाद से नहीं आया कोई पदक-** बोपन्ना और बालाजी की हार के साथ ही टेनिस में 1996 के बाद भारत के लिए ओलंपिक पदक का सूखा बरकरार रहा। बोपन्ना 2016 में इस सूखे को खत्म करने के करीब आए थे लेकिन मिश्रित स्पर्धा में उनकी और सानिया मिर्जा की जोड़ी चौथे स्थान पर रही थी। बोपन्ना 2026 एशियाई खेलों से भी बाहर रहेंगे। वह पहले ही डेविस कप से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं।

सिनेमा

## कृति सेनन की वैकेशन के वीडियो में लोगों को दिखी सिगरेट, ट्रोल्स को याद आया पुराना एंटी-स्मोकिंग ट्वीट



कृति सेनन रीसेंटली अपने बर्थडे के मौके पर ग्रीस में थीं। वहां से लीक हुआ एक वीडियो काफी चर्चा में है। लोग दावा कर रहे हैं कि कृति अपने बॉयफ्रेंड के साथ सिगरेट पी रही हैं। इस पर लोगों के काफी सारे रिएक्शंस देखने को मिल रहे हैं। कई लोग कृति के सपोर्ट में हैं कि इसमें कोई बड़ी बात नहीं है, हालांकि सिगरेट पीना अनहेल्दी है। वहीं कुछ लोगों ने कृति सेनन की मम्मी का पुराना ट्वीट शेयर करना शुरू कर दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी बेटी सिगरेट नहीं पीती बल्कि आसपास के लोगों को ऐसा करने के लिए मना करती है।

आदिपुरुष एक्ट्रेस कृति सेनन का बर्थडे 27 जुलाई को था। रिपोर्ट्स थीं कि वह अपनी बहन नुपुर और कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ ग्रीस में थीं। अब Reddit पर एक क्लिप साझा की गई है। इसकी हेडिंग है, कृति सेनन ग्रीस में स्मोकिंग कर रही हैं। कैप्शन में लिखा है, 'ग्रीस में कृति पर एक और पोस्ट के मुताबिक, यहां रेड कलर में कृति हैं उन्होंने वीडियो के आखिर में हाथ में सिगरेट पकड़ रखी है। इससे पहले कि आप कहें कि तो क्या हुआ... ये लोग अपनी इमेज दूसरों से अच्छी बनाते हैं लेकिन स्मोकिंग मूर्खता और अनहेल्दी है। और मुझे कृति पसंद है।

## Highlights

1. Man assaults woman with iron rod in Navi Mumbai for rejecting him

2. KPCC Chief Secretary Inayat Ali assesses storm damage

3. Attempted murder case filed against ex-husband of US woman found chained to tree in Maha

4. Nightmares almost every week: Mamata on Howrah-Mumbai rail mishap

5. He didn't even touch the door: Wife of SUV driver arrested over coaching centre deaths

# Will AI lead to job losses in India? What minister Mansukh Mandaviya said



**NEW DEIHI, (Agency).** Labour minister Mansukh Mandaviya said that artificial intelligence (AI) will not lead to loss of jobs in India. Responding to a question by Kalyan Banerjee (All India Trinamool Congress) in the Lok Sabha on AI leading to job losses, Mansukh Mandaviya said that AI will open up new job opportunities.

He told Parliament, "When internet happened, there was similar speculation that it would lead to loss of jobs. Similar talk was also there when computers were introduced. But today we know that such technological advancement only resulted in more opportunities. So, AI applications will also provide new opportunities for jobs."

The minister also took a swipe on Kalyan Banerjee saying that there was a lack of adequate jobs in West Bengal. Those who keep running "andolan" (protest) in front of industries in the state should realise its consequences on the job front, he said. Considering the population of West Bengal, the state should have attracted more investment and industries, he said.

Steps taken by the Modi government have led to a significant reduction in the unemployment rate in the country, he said, adding that the labour force participation rate increased to 44% from 38% in 2017-18. Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# Tax practitioners urge CBDT to extend ITR filing deadline to August 31




**NEW DEIHI, (Agency).** The All-India Federation of Tax Practitioners (AIFTP) requested the Central Board of Direct Taxes (CBDT) to extend the deadline of filing Income Tax returns by a month to August 31 for the assessment year 2024-25.

AIFTP national president Narayan Jain and Direct Tax Representation Committee chairman S M Surana said that floods in several states have severely impacted the process of filing returns. Landslides in Uttarakhand and Himachal Pradesh have further compounded these difficulties, they said as per news agency PTI.

The memorandum claimed persistent problems with the Income Tax portal and software, including difficulties in downloading and verifying various forms as the reason for extension of the deadline. They said that the process of paying self-assessment tax through banks and downloading challans is time-consuming.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# पेटीएम बिजनेस अकाउंट बंद कराने के नाम पर ठगी

## गेमिंग एप के जरिए खाते में जमा कराए 20 हजार रुपए, आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पेटीएम बिजनेस अकाउंट बंद कराने के नाम पर बदमाश ने युवती से 20 हजार रुपए ऐंठ लिए। बदमाश पीड़िता से कई दिनों तक गेमिंग एप के जरिए खाते में रुपए जमा कराता रहा। शिकायत के बाद पुलिस ने साइबर हेल्प डेस्क की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जोन एक के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक शर्मा को सदर बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाली मोहिनी मालवीय, जो कि इमली बाजार ईशा ब्यूटी पार्लर चलाती है। ब्यूटी पार्लर में एक माह पहले पेटीएम मशीन लगवाई थी। एक माह पहले पेटीएम बिजनेस अकाउंट चालू कराया था, जिसमें कहा गया था कि कोई चार्जेस नहीं लगेंगे, लेकिन एक माह बाद चार्जेस कटने लगे। एक बार में 125 रुपए तथा बाद में 89 रुपए कट गए, जिस पर संचालिका द्वारा पेटीएम आपरेटर करन पिता नारायण मंडलोई निवासी ग्राम बनलिया तहसील गंधवानी जिला धार हाल मुकाम अभिनव नगर से सम्पर्क कर 15 जुलाई को मशीन बंद करने का कहा था।

### घर तक पहुंच गया था पेटीएम आपरेटर

16 जुलाई को करन ने आवेदिका का मोबइल लेकर एप के माध्यम से मशीन बंद करने का कहा। 17 जुलाई को करन का फोन आया और बोला कि आपकी पेटीएम मशीन बंद नहीं हुई, उसे फिर से बंद करना पडेगा। इसके पेटीएम आपरेटर इनके घर पहुंचा और मोबाइल बंद कराने हेतु बोला गया और पीड़िता का मोबाइल लिया। 26 जुलाई को पीडिटता को पता लगा कि उसके अकाउंट से 19,998 रुपए डेबिट हुए हैं।

### दो बार 5-5 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन

जब आपरेटर पहली बार आया था तब 17 जुलाई को तीन ट्रांजेक्शन हुए थे। इसमें दो 5,000 रुपए तथा एक 4,998 रुपए का था। इसके बाद जब पीड़िता को पता चला कि उसके खाते से अनाधिकृत तरीके से ट्रांजेक्शन हुए हैं तब उसने सायबर हेल्प डेस्क से संपर्क किया। डेस्क ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल पीड़िता की एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

### चार खातों में गया था पैसा

जांच में पता लगा कि उसका पैसा 4 विभिन्न खातों में गया है, जो कि एक गेमिंग एप्लीकेशन के माध्यम से रूट किया गया है और उसके बाद वह पैसा आरोपी के खाते में आया। डेस्क ने विभिन्न बैंक खातों की जानकारी प्राप्त की। खातों में लिंक मोबाइल नम्बरों के माध्यम से आरोपी को  पकड़ा। आरोपी से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक